Title: Demand to make overbrigde or underbridge at various places in Jodhpur, Rajasthan to avoid frequent traffic jams.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : महोदय, राजस्थान में सबसे बड़ा शहर जयपुर है और उसके बाद जोधपुर आता है । इस क्षेत्र का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं। इस क्षेत्र में रेल ब्रिज नहीं के बराबर हैं। आज स्थिति यह है कि इस क्षेत्र में 28 पैसेंजर गाड़ियां और 30-40 माल गाड़ियां निकलती हैं, लेकिन अंडर ब्रिज या ओवर ब्रिज न होने की वजह से यातायात घंटो अवरुद्ध रहता है। इस वजह से आम जनता को परेशानी हो रही है।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि सांगरिया, बासनी, रसाला रोड, कल्याण सिंह प्याऊ, भदवासिया, मंडोर और मंडोर मंडी आदि स्थानों पर अंडर ब्रिज या ओवर ब्रिज बनाने की व्यवस्था करें, ताकि आम जनता को राहत मिल सके ।